ORAL ANSWERS TO STARRED QUESTIONS AND SUPPLEMENTARY QUESTIONS AND ANSWERS THEREON

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

RAJYA SABHA
STARRED QUESTION NO. 121
ANSWERED ON THE 06/12/2024

STEPS TO ENHANCE FARMERS' INCOME

*121. SHRI JOSE K. MANI:

Will the Minister of AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE be pleased to state:

(a) the steps taken by Government to enhance the income of farmers across the country;
(b) in what manner the implementation of Minimum Support Prices (MSPs) has contributed to farmers' income growth in the last three years; and
(c) whether any new initiatives are under consideration to promote alternative income sources such as agri-tourism or allied activities?

ANSWER

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(SHRI SHIVRAJ SINGH CHOUHAN)

(a) to (c): A statement is laid on the Table of the house.

STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PARTS (a) TO (c) OF RAJYA SABHA STARRED QUESTION NO. 121 REGARDING "STEPS TO ENHANCE FARMERS' INCOME" FOR REPLY ON 06/12/2024.

(a): Government of India's commitment to farmers and making farming more remunerative have led to adoption of a number of measures starting with designating this Ministry as Ministry of Agriculture & Farmers Welfare in 2015 with focus only on farmers. **There has been an Unprecedented enhancement in budget allocation .** In the year 2013-14 the budget allocation of Department of Agriculture and Farmers' Welfare was only 21933.50 crore. This has increased by more than 5.59 time to Rs. 122528.77 crore in 2024-25.

Scheme/programmes run by Department of Agriculture and Farmers Welfare for overall growth of farmers are as under:

Central Sector Schemes:

1. Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN)
2. Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY)/Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme (RWBCIS)
3. Pradhan Mantri Kisan Maan Dhan Yojana (PM-KMY)
4. Agriculture Infrastructure Fund (AIF)
5. Formation and Promotion of 10,000 Farmer Producer Organizations (FPOs)
6. Pradhan Mantri Annadata Aay Sanrakshan Abhiyan (PM-AASHA)
7. Modified Interest Subvention Scheme (MISS)
8. National Bee Keeping and Honey Mission (NBHM)
9. Agri Fund for Start-Ups & Rural Enterprises' (AgriSURE)

Central Sponsored Schemes:

National Mission on Natural Farming

Krishonnati Yojana

1. National Food Security and Nutrition Mission (NFSNM)
2. National Mission on Edible Oil-Oil Seeds (NMEO-OS)
3. National Mission on Edible Oil-Oil palm (NMEO-OP)
4. Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH)
5. Digital Agriculture Mission
6. Mission Organic Value Chain Development for North Eastern Region (MOVCDNER)
7. Sub-Mission on Agricultural Extension (SMAE)
8. Integrated Scheme for Agriculture Marketing -National Agriculture Market (ISAM-eNAM)
9. Integrated Scheme for Agricultural Marketing-Others (ISAM-Others)

Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY)

1. Rashtriya Krishi Vikas Yojana- DPR (RKVY-DPR)
2. Paramparagat Krishi VikasYojana (PKVY)

3. Per Drop More Crop (PDMC)
4. Soil Health and Fertility
5. Rainfed Area Development (RAD)
6. Agroforestry
7. Sub-Mission on Agricultural Mechanization (SMAM)
8. Crop Residue Management (CRM)
9. Crop Diversification Programme (CDP)

(b): Government fixes Minimum Support Prices (MSPs) for **22 mandated agricultural crops and Fair & Remunerative Price (FRP)** for sugarcane on the basis of the recommendations of the Commission for Agricultural Costs & Prices (CACP), after considering the views of State Governments and Central Ministries/Departments concerned. The 22 mandated crops include 14 Kharif crops viz. paddy, jowar, bajra, maize, ragi, tur (arhar), moong, urad, groundnut, soyabean, sunflower, sesamum, nigerseed, cotton and 6 Rabi crops viz. wheat, barley, gram, masur (lentil), rapeseed & mustard, safflower and two commercial crops viz. jute and copra.

The Union Budget for **2018-19 had announced the pre-determined principle to keep Minimum Support Price (MSP)** at levels of one and half times of the cost of production. Accordingly, Government had increased MSP for all mandated Kharif, Rabi and other Commercial crops with a minimum return of 50 percent over all India weighted average cost of production from year 2018-19 onwards. Farmers of the country are benefited from the successful implementation of increased MSP.

Minimum Support Price fixed by the Government during last ten years is given at **Annexure-I and** a summary sheet regarding procurement on MSP and amount paid to farmers is at **Annexure-II**.

Studies to Assess Farmers Income

i. The NITI Aayog (erstwhile Planning Commission) has conducted a study entitled "Efficacy of minimum support prices on farmers", in 2016. The study has found, among other things, that MSP declared by the Government has encouraged 78% of the farmers covered under the study for adopting improved methods of farming such as high yielding varieties of seeds, organic manure, chemical fertilizer, pesticides and improved methods of harvesting etc.

ii. Indian Council on Agricultural Research (ICAR) has released a compilation of **success stories of 75,000 farmers** who have increased their income more than two times by convergence of schemes being operated by Ministry of Agriculture & FW and the allied Ministries/Departments.

(c): Ministry of Agriculture and Farmers welfare as well as other stakeholder Ministries like Ministry of Cooperation, Department of Animal Husbandry and Dairying, Department of Fisheries and Ministry of Rural Development etc., have launched various schemes/programmes to make agriculture more remunerative and farmers may get maximum benefit.

Regarding Agri Tourism, there is no proposal under consideration in DA&FW in this regard.

Annexure-I

Minimum Support Price
(Marketing Season-wise)(₹/quintal)

Sl. No.	Commodities	KMS 2013-14	KMS 2014-15	KMS 2015-16	KMS 2016-17	KMS 2017-18	KMS 2018-19	KMS 2019-20	KMS 2020-21	KMS 2021-22	KMS 2022-23	KMS 2023-24	KMS 2024-25	% increase 2013-14 to 2024-25
	KHARIF CROPS													
1	Paddy (Common)	1310	1360	1410	1470	1550	1750	1815	1868	1940	2040	2183	2300	75.57
	Paddy (Grade ‘A’)	1345	1400	1450	1510	1590	1770	1835	1888	1960	2060	2203	2320	72.49
2	Jowar (Hybrid)	1500	1530	1570	1625	1700	2430	2550	2620	2738	2970	3180	3371	124.73
	Jowar (Maldandi)	1520	1550	1590	1650	1725	2450	2570	2640	2758	2990	3225	3421	125.07
3	Bajra	1250	1250	1275	1330	1425	1950	2000	2150	2250	2350	2500	2625	110.00
4	Ragi	1500	1550	1650	1725	1900	2897	3150	3295	3377	3578	3846	4290	186.00
5	Maize	1310	1310	1325	1365	1425	1700	1760	1850	1870	1962	2090	2225	69.85
6	Arhar(Tur)	4300	4350	4625	5050	5450	5675	5800	6000	6300	6600	7000	7550	75.58
7	Moong	4500	4600	4850	5225	5575	6975	7050	7196	7275	7755	8558	8682	92.93
8	Urad	4300	4350	4625	5000	5400	5600	5700	6000	6300	6600	6950	7400	72.09
9	Cotton (Medium Staple)	3700	3750	3800	3860	4020	5150	5255	5515	5726	6080	6620	7121	92.46
	Cotton (Long Staple)	4000	4050	4100	4160	4320	5450	5550	5825	6025	6380	7020	7521	88.03
10	Groundnut	4000	4000	4030	4220	4450	4890	5090	5275	5550	5850	6377	6783	69.58
11	Sunflower Seed	3700	3750	3800	3950	4100	5388	5650	5885	6015	6400	6760	7280	96.76
12	Soyabean Yellow	2560	2560	2600	2775	3050	3399	3710	3880	3950	4300	4600	4892	91.09
13	Sesamum	4500	4600	4700	5000	5300	6249	6485	6855	7307	7830	8635	9267	105.93
14	Nigerseed	3500	3600	3650	3825	4050	5877	5940	6695	6930	7287	7734	8717	149.06

	RABI CROPS	RMS 2014-15	RMS 2015-16	RMS 2016-17	RMS 2017-18	RMS 2018-19	RMS 2019-20	RMS 2020-21	RMS 2021-22	RMS 2022-23	RMS 2023-24	RMS 2024-25	RMS 2025-26	% increase 2014-15 to 2025-26
15	Wheat	1400	1450	1525	1625	1735	1840	1925	1975	2015	2125	2275	2425	73.21
16	Barley	1100	1150	1225	1325	1410	1440	1525	1600	1635	1735	1850	1980	80
17	Gram	3100	3175	3500	4000	4400	4620	4875	5100	5230	5335	5440	5650	82.26
18	Masur	2950	3075	3400	3950	4250	4475	4800	5100	5500	6000	6425	6700	127.12
19	Rapeseed & mustard	3050	3100	3350	3700	4000	4200	4425	4650	5050	5450	5650	5950	95.08
20	Safflower	3000	3050	3300	3700	4100	4945	5215	5327	5441	5650	5800	5940	98.00
	COMMERCIAL CROPS													
		2013-14	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**% increase 2013-14 to 2024-25**
21	Jute	2300	2400	2700	3200	3500	3700	3950	4225	4500	4750	5050	5335	131.96
		2013	**2014**	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**% increase 2013 to 2024**
22	Copra (Milling)	5250	5250	5550	5950	6500	7511	9521	9960	10335	10590	10860	11160	112.57
	Copra (ball)	5500	5500	5830	6240	6785	7750	9920	10300	10600	11000	11750	12000	118.18

Annexure - II

Summary Sheet						
A	**B**	**C**	**D**	**E = D - C**	**F = E/C*100**	**G = D / C**
Commodity	**Variety**	**2004-14**	**2014-24**	**Absolute increase**	**% Increase**	**Number of times Increase**
Procurement of MSP Crops (In LMT)						
Total Kharif (1)		4678.93	7095.42	2416.49	51.65	1.52
Total Rabi (2)		2302.09	3228.62	926.53	40.25	1.40
Grand Total = (1) + (2)		**6981.02**	**10324.04**	**3343.02**	**47.88**	**1.48**
MSP Amount Paid to Farmers (In Rs. Lakhs Crores)						
Total Kharif (1)		4.75	14.04	9.29	195.66	2.96
Total Rabi (2)		2.65	6.50	3.85	145.52	2.46

*****

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. 121
06 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: किसानों की आय बढ़ाने के लिए कदम
***121. श्री जोस के. मणिः**
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) देश भर में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) विगत तीन वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) के कार्यान्वयन से किसानों की आय बढ़ाने में किस प्रकार मदद मिली है; और
(ग) क्या कृषि-पर्यटन जैसे वैकल्पिक आय स्रोतों या संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोई नई पहल विचाराधीन है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

राज्य सभा में दिनांक 06.12.2024 को उत्तरार्थ "किसानों की आय बढ़ाने के लिए कदम" के संबंध में श्री जोस के. मणि द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 121 के भाग (क) से (ग) का उल्लिखित विवरण

(क) किसानों के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं, इनकी शुरुआत वर्ष 2015 में इस मंत्रालय को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के रूप में नामित करने से हुई, जिसका मुख्य ध्यान केवल किसानों पर है। **बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।** वर्ष 2013-14 में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का बजट आवंटन केवल 21933.50 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024-25 में यह 5.59 गुना से अधिक बढ़कर 122528.77 करोड़ रुपये हो गया है।

किसानों के समग्र विकास कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं/कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

केन्द्रीय क्षेत्रक योजनाएं:

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस.)
3. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
4. एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आई.एफ.)
5. 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) का गठन और संवर्धन
6. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
7. संशोधित ब्याज छूट योजना (एम.आई.एस.एस.)
8. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.)
9. स्टार्ट-अप्स और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर)

केंद्रीय प्रायोजित योजनाएं:

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन

कृषोन्नति योजना

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एन.एफ.एस.एन.एम.)
2. खाद्य तेल-तिलहन पर राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.ई.ओ.-ओ.एस.)
3. राष्ट्रीय खाद्य तेल-ऑयल पाम मिशन (एन.एम.ई.ओ.-ओ.पी.)
4. समेकित बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.)
5. डिजिटल कृषि मिशन
6. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन (एम.ओ.वी.सी.डी.एन.ई.आर.)
7. कृषि विस्तार उप-मिशन (एस.एम.ए.ई.)
8. एकीकृत कृषि विपणन योजना-राष्ट्रीय कृषि बाजार (आई.एस.ए.एम.-ई नाम)
9. एकीकृत कृषि विपणन योजना-अन्य (आई.एस.ए.एम.-अन्य)

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.)

1. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- डीपीआर (आर.के.वी.वाई.-डी.पी.आर.)
2. परम्परागत कृषि विकास योजना (पी.के.वी.वाई.)
3. प्रति बूंद अधिक फसल (पी.डी.एम.सी.)
4. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता
5. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.)
6. कृषि वानिकी
7. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एस.एम.ए.एम.)
8. फसल अवशेष प्रबंधन (सी.आर.एम.)
9. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सी.डी.पी.)

(ख): सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के सुझावों पर विचार करने के बाद कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी.ए.सी.पी.) की सिफारिशों के आधार पर **बाईस (22) अनिवार्य फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.)** और गन्ने के लिए **उचित और लाभकारी मूल्य (एफ.आर.पी.)** तय किया है। 22 अधिदेशित फसलों में 14 खरीफ फसलें, यथा धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, नाइजरसीड, कपास और 6 रबी फसलें, यथा गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम और दो वाणिज्यिक फसलें, यथा जूट और खोपरा शामिल हैं।

वर्ष **2018-19 के केंद्रीय बजट में एम.एस.पी. को उत्पादन लागत के डेढ़ गुना के स्तर पर रखने के पूर्व निर्धारित सिद्धांत की घोषणा** की गई थी। तदनुसार, सरकार ने कृषि वर्ष 2018-19 से सभी अनिवार्य खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए एम.एस.पी. में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत के मार्जिन के साथ वृद्धि की है। बढ़ी हुई एम.एस.पी. के सफल क्रियान्वयन से देश के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

पिछले दस वर्षों के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य **अनुबंध-I** पर दिया गया है और एम.एस.पी. पर खरीद और किसानों को भुगतान की गई राशि का संक्षिप्त विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

किसानों की आय का आकलन करने के लिए अध्ययन

i. नीति आयोग (पूर्ववर्ती योजना आयोग) ने वर्ष 2016 में "किसानों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभाव" शीर्षक से एक अध्ययन किया है। अध्ययन में अन्य बातों के अतिरिक्त यह पाया गया है कि सरकार द्वारा घोषित एम.एस.पी. से अध्ययन के अंतर्गत शामिल 78% किसानों को खेती के उन्नत तरीकों जैसे कि अधिक उपज देने वाले बीजों की किस्में, जैविक खाद, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और कटाई (हार्वेस्टिंग) के उन्नत तरीकों आदि को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिला है।

2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) ने **75,000 किसानों**, जिन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा संबद्ध मंत्रालयों/विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अभिसरण से अपनी आय दो गुना से अधिक बढ़ा ली है, **की सफलता की कहानियों** का संकलन प्रकाशित किया है।

(ग): कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथ-साथ अन्य स्टेकहोल्डर मंत्रालय जैसे कि सहकारिता मंत्रालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग और ग्रामीण विकास मंत्रालय आदि ने कृषि को अधिक लाभकारी बनाने और किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए विभिन्न योजनाएं/कार्यक्रम आरंभ किए हैं।

कृषि पर्यटन के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध- I

न्यूनतम समर्थन मूल्य

(फसल वर्ष के अनुसार)

(रुपये प्रति क्विंटल)

क्र. सं.	वस्तु		2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	वर्ष 2013-14 से वर्ष 2024-25 तक % वृद्धि
	खरीफ फसलें														
1	धान	सामान्य	1310	1360	1410	1470	1550	1750	1815	1868	1940	2040	2183	2300	75.57
		ग्रेड ए'	1345	1400	1450	1510	1590	1770	1835	1888	1960	2060	2203	2320	72.49
2	ज्वार	हाइब्रिड	1500	1530	1570	1625	1700	2430	2550	2620	2738	2970	3180	3371	124.73
		मालदंडी	1520	1550	1590	1650	1725	2450	2570	2640	2758	2990	3225	3421	125.07
3	बाजरा		1250	1250	1275	1330	1425	1950	2000	2150	2250	2350	2500	2625	110.00
4	रागी		1500	1550	1650	1725	1900	2897	3150	3295	3377	3578	3846	4290	186.00
5	मक्का		1310	1310	1325	1365	1425	1700	1760	1850	1870	1962	2090	2225	69.85
6	तूअर (अरहर)		4300	4350	4625^	5050^^	5450^	5675	5800	6000	6300	6600	7000	7550	75.58
7	मूंग		4500	4600	4850^	5225^^	5575^	6975	7050	7196	7275	7755	8558	8682	92.93
8	उड़द		4300	4350	4625^	5000^^	5400^	5600	5700	6000	6300	6600	6950	7400	72.09
9	कपास	मीडियम स्टेपल	3700	3750	3800	38600	4020	5150	5255	5515	5726	6080	6620	7121	92.46
		लॉन्ग स्टेपल	4000	4050	4100	4160	4320	5450	5550	5825	6025	6380	7020	7521	88.03
10	मूंगफली		4000	4000	4030	4220*	4450^	4890	5090	5275	5550	5850	6377	6783	69.58
11	सूरजमुखी के बीज		3700	3750	3800	3950*	4100*	5388	5650	5885	6015	6400	6760	7280	96.76
12	सोया बीन	पीला	2560	2560	2600	2775*	3050^	3399	3710	3880	3950	4300	4600	4892	91.09
13	तिल		4500	4600	4700	5000^	5300*	6249	6485	6855	7307	7830	8635	9267	105.93
14	नाइजरसीड		3500	3600	3650	3825*	4050*	5877	5940	6695	6930	7287	7734	8717	149.06

	रबी फसलें		**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**वर्ष 2014-15 से वर्ष 2025-26तक % वृद्धि**
15	गेहूँ		1400	1450	1525	1625	1735	1840	1925	1975	2015	2125	2275	2425	73.21
16	जौ		1100	1150	1225	1325	1410	1440	1525	1600	1635	1735	1850	1980	80.00
17	चना		3100	3175	3500**	4000^	4400 @	4620	4875	5100	5230	5335	5440	5650	82.26
18	मसूर (लेन्टिल)		2950	3075	3400**	3950@	4250*	4475	4800	5100	5500	6000	6425	6700	127.12
19	रेपसीड और सरसों		3050	3100	3350	3700*	4000*	4200	4425	4650	5050	5450	5650	5950	95.08
20	कुसुम		3000	3050	3300	3700*	4100*	4945	5215	5327	5441	5650	5800	5940	98.00
	अन्य फसलें														
			2013-14	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**वर्ष 2013-14 से वर्ष 2024-25 तक % वृद्धि**
21	जूट		2300	2400	2700	3200	3500	3700	3950	4225	4500	4750	5050	5335	131.96
			2013	**2014**	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**वर्ष 2013 से वर्ष 2024 तक % वृद्धि**
22	खोपरा	मिलिंग	5250	5250	5550	5950	6500	7511	9521	9960	10335	10590	10860	11160	112.57
		बाल	5500	5500	5830	6240	6785	7750	9920	10300	10600	11000	11750	12000	118.18

संक्षिप्त विवरण						
क	**ख**	**ग**	**घ**	**ङ = घ-ग**	**च = ङ/ग*100**	**छ=घ/ग**
वस्तु	**किस्म**	**2004-14**	**2014-24**	**पूर्ण वृद्धि**	**% बढ़ोतरी**	**गुना वृद्धि**
एम.एस.पी. फसलों की खरीद (लाख मीट्रिक टन में)						
कुल खरीफ (1)		4678.93	7095.42	2416.49	51.65	1.52
कुल रबी (2)		2302.09	3228.62	926.53	40.25	1.40
कुल योग = (1) + (2)		**6981.02**	**10324.04**	**3343.02**	**47.88**	**1.48**
किसानों को दी गई एम.एस.पी. राशि (लाख करोड़ रुपये में)						
कुल खरीफ (1)		4.75	14.04	9.29	195.66	2.96
कुल रबी (2)		2.65	6.50	3.85	145.52	2.46

*****

SHRI JOSE K. MANI: Sir, during the month of August, in answer to a question in Parliament, it was mentioned that out of the procurement of 22 crops, the major chunk, about 98 per cent, was the procurement of wheat and rice. Six crops have zero procurement and the rest is about less than one per cent of the procurement. That shows the failure of the particular scheme. There is a huge gap between the income of farmers and the organized sector, and this gap is widening. For example, price of paddy in Kerala during 1968 was Rs.1.40 per kilogram. In 2023, price of paddy was Rs.28.20 per kilogram. It has increased 19 times. At the same time, the basic pay of the last grade worker in the State Administration was Rs.70 during 1968. It went up to Rs.23,000 by now. It has increased 328 times. It is the same story for other States also. The gap between the haves and the have-nots and the farmers is increasing. My question to the Minister is: In order to provide a decent income to the farmers at par with salary and income in the organized sector, has the Government any plan to change the Minimum Support Price to Decent Remunerative Price, DRP, so that the income of farmers increases and comes at par with increase in general income?

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय सभापति महोदय, कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य देने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। माननीय सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि 2015 में इस मंत्रालय का नाम कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय रखा गया था। इससे पहले किसान कल्याण का कोई संबंध ही नहीं था।

महोदय, बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2013-14 तक यह केवल 21,900 करोड़ रूपये था, लेकिन अब यह बढ़कर 1 लाख, 22 हज़ार, 528 करोड़ रुपये हुआ है। माननीय सभापति महोदय, किसानों की आय बढ़ाने के लिए इस सरकार की 6 सूत्रीय रणनीति है। इसमें नम्बर 1 पर उत्पादन बढ़ाना है। मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उत्पादन बढ़ाने के लिए, अच्छे बीज बनाने के लिए आईसीएआर अब और पूरी ताकत के साथ इस दिशा में प्रयत्न करेगा। सूक्ष्म सिंचाई की व्यवस्था हो या फर्टिलाइज़र सब्सिडी देने का मामला हो, मैं इसके विस्तार में नहीं जा रहा हूं, लेकिन यह बताना चाहता हूं कि भारत सरकार ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्पादन की लागत कम करने का प्रयत्न सदैव किया है। आप जानते हैं कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज की दरों पर उसे ऋण देने का सवाल रहा हो - उत्पादन का ठीक दाम देने के लिए हमारे विद्वान मित्र बता रहे थे, वे एमएसपी की चर्चा कर रहे थे।

माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहूँगा कि एमएसपी तब देते हैं, जब एमएसपी की दरों से नीची दरों पर अनाज या बाकी उत्पादन बिकता है। अब कई फसलें ऐसी हैं, जो अभी भी एमएसपी के ऊपर बिक रही हैं, उन पर एमएसपी देने की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन एमएसपी पर जो खरीद हुई है, मैं उसके बारे में भी बताना चाहता हूँ। अगर मैं खरीफ की

बात करूँ, तो 2004 से 2014 तक जो कुल खरीद हुई थी, वह 40,79,00,000 मीट्रिक टन हुई थी और 2014 से 2024 के बीच 71,27,00,000 मीट्रिक टन खरीद की गई है। हम खरीद के लिए गंभीर हैं। माननीय सभापति महोदय, अगर रबी की फसल देखी जाए, मैं यह कुल खरीद की बात बता रहा हूँ, 2004 से 2014 तक यह 23,02,00,000 मीट्रिक टन खरीदी गई थी और 2014 से 2024 के बीच 32,29,00,000 मीट्रिक टन खरीदी गई है।

माननीय सभापति महोदय, अगर राशि के रूप में देखा जाए, तो यह सरकार की मंशा को स्पष्ट करता है। किसानों को भुगतान की गई एमएसपी की राशि 2004 से 2014 के बीच 4,44,000 करोड़ थी और 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 12,51,000 करोड़ रुपये हो गई। माननीय सभापति महोदय, मैं आपको गेहूं पर किसानों को भुगतान की गई एमएसपी की राशि बारे में बता रहा हूँ। 2004 से 2014 के बीच में यह 2,56,000 करोड़ थी और 2014 से 2024 के बीच 5,65,000 करोड़ रुपये हो गई है। माननीय सभापति महोदय, मैं विद्वान सदस्य को दलहन के विषय में अवगत कराना चाहूँगा। 2004 से 2014 के बीच किसान को भुगतान की गई एमएसपी 1,900 करोड़ से बढ़कर 91,000 करोड़ रुपये हो गई है। माननीय सभापति महोदय, चाहे तिलहन हो, बाकी वाणिज्यिक फसलें हो, अगर सभी एमएसपी की फसलों को देखा जाए, तो एमएसपी की राशि 2004 से 2014 के बीच के 7,41,000 करोड़ से बढ़कर 2014 और 2024 के बीच में 20,57,000 करोड़ रुपये हो गई है। यह हमारी सरकार की मंशा का परिणाम है। माननीय सभापति महोदय, इस सरकार ने निरंतर एमएसपी बढ़ाने का काम किया है। मैं विद्वान सदस्य को यह ध्यान दिलाना चाहूँगा की 2019 तक जो एमएसपी तय की जाती थी, वह लागत पर 50 परसेंट जोड़कर तय नहीं की जाती थी। 2019 में प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने यह फैसला किया कि लागत पर 50 परसेंट प्रॉफिट जोड़कर एमएसपी की दरें तय की जाएंगी। माननीय सभापति महोदय, मैं उदाहरण दे सकता हूँ। जब उधर की सरकार थी, तब एमएसपी ए2+एफएल नहीं दिया जाता था। मेरे पास पूरा रिकॉर्ड है। इन्होंने कभी भी लागत पर 50 परसेंट से ज्यादा लाभ नहीं दिया, लेकिन हम कटिबद्ध हैं, प्रतिबद्ध हैं कि कम-से-कम 50 परसेंट ज्यादा लाभ देकर किसानों की फसलें खरीदेंगे। मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसान का कल्याण हमारी प्रतिबद्धता है। अगर वे चाहते हैं, तो मैं पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध करा सकता हूँ, आंकड़े दे सकता हूँ। हमने लगातार एमएसपी बढ़ाने का काम किया है और जहाँ जरूरत है, वहाँ एमएसपी पर फसल खरीदने का भी काम किया है। मैंने आपको आंकड़े बताए हैं। आगे भी हम किसानों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

MR. CHAIRMAN: Supplementary Q.No.2, Shri Jose K. Mani.

SHRI JOSE K. MANI: Sir, as you know, the natural rubber is a strategic product and that the Rubber Act was enacted in 1947 shows the importance. Over the last ten years, for the price of natural rubber, the farmers have never ever got a remunerative price. This is mainly because of huge import of natural rubber from other countries. Presently, the import bound duty or the import duty of natural rubber is 25 per cent. If that natural rubber is listed as an agricultural product, the bound duty can be

increased to 113 per cent for the agricultural product, average of more than 40 per cent. That would curtail the import of natural rubber. Not only that, the taskforce of the constituted committee of the Central Government have recommended that this should be listed in the agriculture product and it should be under the MSP also. In fact, the jute and cotton, which were commercial products, have also been converted into agricultural product. So, my question to the Minister is whether you have any plan to list this natural rubber as an agricultural product.

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय सभापति महोदय, अभी ऐसी कोई योजना नहीं है, लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि हम रबड़ उत्पादक किसानों की समस्या पर भी गंभीरता से विचार करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Third supplementary; Shri Vaiko.

SHRI VAIKO: Mr. Chairman, Sir, in this country, the worst-affected lot is the farmers. That is the fact. I come from a village, from a farmers' family. All the villages, even urban areas, agriculturists are the worst-affected. Before election in 2014, our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, thundered in every meeting, wherever he goes, that the farmers' income will be doubled within a year when we come to power. But nothing has happened. And, the M.S. Swaminathan Committee recommended C2+50, that is, the cost of production, which is C2, plus 50 per cent of the total income will be delivered to the farmers. But that did not happen. And, 200 farmers from Tamil Nadu were fasting for the last six months on roads!

MR. CHAIRMAN: Supplementary!

SHRI VAIKO: The Prime Minister has never stood up for them. He has not even given appointment to the farmers for six months. Sir, Haryana and Punjab farmers came here.

MR. CHAIRMAN: Your supplementary!

SHRI VAIKO: The agriculturists are totally neglected by the Modi Government.

MR. CHAIRMAN: Your supplementary! ...*(Interruptions)*...

SHRI VAIKO: So, I want to know whether Swaminathan's Committee Report will be implemented or not.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय सभापति महोदय, जब उधर के मित्र सत्ता में थे, तब ऑन रिकॉर्ड उन्होंने यह कहा था कि जो स्वामीनाथन कमेटी है, हम उसकी विशेषकर 50 परसेंट लागत पर लाभ देने संबंधी सिफारिशें नहीं मान सकते हैं। मेरे पास रिकॉर्ड है, जिसको मैंने यहां सदन में रखा है। इन्होंने हमेशा इन्कार किया, लेकिन ...

MR. CHAIRMAN: No; hon. Minister. This record, you will place it on the Table of the House during the course of the day.

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय सभापति महोदय, श्रीमान कांतिलाल भूरिया, तत्कालीन कृषि राज्य मंत्री, इनके अलावा शरद पवार जी, तत्कालीन कृषि मंत्री, के.वी. थॉमस जी, तत्कालीन मंत्री तारिक अनवर, राज्य मंत्री, इन सभी ने यह कहा कि 50 परसेंट से अधिक लाभ नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि बाजार विकृत हो जाएगा। माननीय सभापति महोदय, मैं इसको ऑन रिकॉर्ड पटल पर रखता हूं। इन्होंने कभी किसान का आदर नहीं किया और उन्हें लाभकारी मूल्य देने के बारे में कभी गंभीरता से नहीं सोचा। ...(**व्यवधान**)... मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि 2019 में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने फैसला किया कि लागत पर 50 परसेंट मुनाफा देकर ही मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय किया जाएगा और वह लगातार तय किया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... मैं इसके बारे में रिकॉर्ड पर बता सकता हूं। हम लगातार लाभकारी मूल्य देने का काम कर रहे हैं। अगर तीन सालों का ही विवरण आप देखना चाहें, तो हमारी जो अलग-अलग फसलें हैं, उनके संबंध में आपको बताना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

माननीय सभापति महोदय, इनके समय में धान जिस रेट पर खरीदा जाता था, मैं उसकी बात आज नहीं करना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... लेकिन इसे आज 2,300 रुपया क्विंटल खरीदने का काम हमारी सरकार कर रही है। अगर मैं इनके समय के रेट बताऊंगा, तो यह कहते हुए तकलीफ होती है कि इन्होंने कभी भी किसान को लाभकारी मूल्य देने का प्रयत्न नहीं किया। ...(**व्यवधान**)... चाहे धान हो, ज्वार हो, बाजरा हो, रागी हो, मक्का हो, अरहर हो, मूंग हो, उड़द हो, कपास हो, मूंगफली हो, सोयाबीन हो, तिल हो या रामतिल हो, इन सभी फसलों को 50 परसेंट से ज्यादा लाभ देकर खरीदा जा रहा है। इसके अलावा कई फसलों में तो हम 100 परसेंट लाभ देकर भी मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय कर रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, केवल इतना ही नहीं, हम बीच में भी हस्तक्षेप करते हैं। पिछले दिनों जो सोयाबीन उत्पादक किसान थे, जब सोयाबीन के दाम गिर गए, तब उनके लिए सरकार ने तत्काल फैसला किया कि जो पाम ऑयल और रिफाइंड ऑयल आ रहा है, जो ज़ीरो परसेंट ड्यूटी पर आता था, उस पर 27.5 परसेंट ड्यूटी लगाने का काम मोदी सरकार ने किया, ताकि किसानों को सोयाबीन का ठीक रेट मिल सके। माननीय सभापति महोदय, जब प्याज सस्ता

बिकने लगा, तो 40 परसेंट एक्सपोर्ट ड्यूटी को घटा कर 20 परसेंट एक्सपोर्ट ड्यूटी करने का काम इसी सरकार ने किया। जब चावल की कीमत ठीक नहीं मिल रही थी, तो जो मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस था, उसको खत्म करने का काम किया और एक्सपोर्ट से प्रतिबंध हटाया, तो इसी सरकार ने हटाया। माननीय सभापति महोदय, हम 50 परसेंट लागत पर, मैं कम से कम 50 परसेंट कह रहा हूं, कई फसलों पर हम 100-100 परसेंट लाभ दे रहे हैं, उसे देकर हम समर्थन मूल्य घोषित भी करते हैं। मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर किसान का अधिसूचित फसलों का उत्पाद खरीदा जाएगा। यह मोदी की सरकार है और मोदी की गारंटी पूरा करने की गारंटी है।

MR. CHAIRMAN: Shri Manoj Kumar Jha; fourth supplementary.

प्रो. मनोज कुमार झाः सभापति महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से एक सीधा सा सवाल है और मैं सीधा सा जवाब लेने की उम्मीद करता हूं कि क्या कोई इस प्रकार का proposal है कि किसानों की कर्ज माफी के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क बनाया जाए, ताकि non-institutional lenders पर उनकी dependence खत्म हो सके?

श्री सभापतिः मंत्री जी, वे कह रहे हैं कि उन्होंने simple सवाल पूछा है।

श्री शिवराज सिंह चौहानः मैं simple जवाब दे रहा हूं।

माननीय सभापति महोदय, मोदी जी की सरकार बहुत दूरदर्शिता से काम करती है। हमारी जो योजना है, वह यह है कि हम उत्पादन बढ़ाएंगे, उत्पादन की लागत घटाएंगे, उत्पादन का उचित मूल्य देंगे, फसल में अगर नुकसान हो तो उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के द्वारा करेंगे, हम कृषि का विवधीकरण करेंगे, प्राकृतिक खेती की तरफ ले जाकर किसानों की आय इतनी बढ़ाएंगे कि बार-बार वह कर्ज माफी के लिए मांग करने की स्थिति में नहीं होगा। माननीय सभापति महोदय, हम आय बढ़ाने पर विश्वास रखते हैं। यह सरकार निरंतर उसके लिए काम कर रही है।

MR. CHAIRMAN: Shri Jairam Ramesh; fifth supplementary.

श्री जयराम रमेशः सर, आज कई किसान संगठन संसद मार्च कर रहे हैं।

श्री सभापतिः आप प्रश्न पूछिए।

श्री जयराम रमेशः आज कई किसान संगठन संसद मार्च कर रहे हैं।

श्री सभापतिः जयराम जी, मैं आपको बता सकता हूँ, शिवराज जी से मेरी लंबी बात हुई है। सुनिए।

श्री जयराम रमेशः *

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री जयराम रमेशः हमारे किसानों का दर्द दुनिया के सामने रखा।

MR. CHAIRMAN: Jairam Ramesh*ji*...*(Interruptions)*...

श्री जयराम रमेशः *

श्री सभापतिः उसके पहले मैं बता दूं कि माननीय मंत्री जी मेरे साथ थे, जाते समय भी थे और आते समय भी थे। मैंने माननीय मंत्री जी से कहा और मैं आश्वस्त हुआ कि देश में जिस आदमी की पहचान 'लाडली' के नाम से थी, अब वह 'किसान का लाडला' होगा। मैं पूरी तरह आशावान हूं। ऊर्जावान मंत्री अपने नाम, शिवराज के अनुरूप यह करके दिखाएंगे। जयराम रमेश जी से मुझे उम्मीद थी कि वे कोई प्रश्न पूछेंगे। ...(**व्यवधान**)... किसान को बड़ा अच्छा लगता, अगर एक बार भी Adjournment Motion आता, लेकिन वह आया नहीं। शिवराज जी, आप बोलिए। आज मैंने आपका नामांकन कर दिया है - 'किसान के लाडले'।

श्री शिवराज सिंह चौहानः आपको प्रणाम।

माननीय सभापति महोदय, आदरणीय जयराम रमेश जी का मैं बहुत आदर करता हूं। उन्होंने पूछा है कि एमएसपी के बारे में मेरी राय क्या है, तो बहुत पवित्र राय है। हम लागत के 50 परसेंट से ज्यादा मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय करेंगे और खरीदने का भी काम करेंगे। आपने नहीं खरीदा, मैं एक-एक आंकड़ा पढ़ कर बता सकता हूं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कभी आपने एमएसपी पर खरीद नहीं की। किसान खून के आंसू रोता था, लेकिन मेरे लिए किसानों की सेवा भगवान की पूजा है और यही मान कर हम उनकी सेवा के काम में निरंतर लगे रहेंगे। हमने एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदा है और अधिसूचित फसलों का उत्पाद खरीदेंगे।

श्री सभापतिः और एक दिन में दो दिन का काम करेंगे।

श्री शिवराज सिंह चौहानः हम 24 घंटे काम करेंगे और आपने जो अपेक्षा व्यक्त की है, मेरी कोशिश रहेगी कि हम संपूर्ण सामर्थ्य और क्षमता झोंक कर, काम करके अपने किसानों की सेवा कर सकें और कृषि के परिदृश्य को और बेहतर बना सकें। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'विकसित भारत' का संकल्प लिया है, उसी का एक रोड मैप हमने कृषि में भी बनाया है। हम उसको पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

---

* Not recorded.